SMALL BUSINESS **flexFUND**

# छोटे बिज़नेस के फलने-फूलने से समुदाय मजबूत होता चला जाता है।

## छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाएं Washington के समुदायों के दिल की धड़कन हैं

छोटे बिज़नेस और स्थानीय संगठन, चाहे वे रेस्तरां, पेशेवर सेवा प्रदाता, निर्माता, स्थानीय फार्म या समुदाय-आधारित गैर-लाभकारी संगठन हों, हमारे समुदायों को फलने-फूलने में मदद करते हैं और साथ ही नौकरियों के अवसर पैदा करके राज्य की अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान करते हैं।

## Washington के छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं के लिए सुविधाजनक लोन

Washington राज्य में, बड़ी संख्या में छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं को विकास और बढ़ोतरी के लिए ज़रूरी वित्तीय संसाधन प्राप्त करने की कोशिश में काफ़ी दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। इस प्रोग्राम का उद्देश्य Department of Commerce (वाणिज्य विभाग) द्वारा स्वीकृत सामुदायिक ऋणदाताओं के नेटवर्क के माध्यम से उनके लिए गुणवत्तापूर्ण, सुविधाजनक और किफ़ायती लोन प्रोडक्ट प्रदान करना है।

वॉशिंगटन Small Business Flex Fund 2 छोटे, स्थानीय बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं के लिए किफ़ायती लोन दिलाने के लिए बनाया गया था, जिन्हें इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत है।

## सचमुच छोटे बिज़नेस के लिए अनुकूल लोन

वॉशिंगटन Small Business Flex Fund 2 की स्थापना वॉशिंगटन के सबसे छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं द्वारा अपने अस्तित्व को बनाए रखने या विकास के लिए धन की मांग करते समय आने वाली विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करने के लिए की गई थी। आप एक आसान आवेदन प्रक्रिया, कम से कम ब्याज दरें, विस्तारित भुगतान समयसीमा, स्वीकृति देने के लिए इच्छुक ऋणदाता और आपके बिज़नेस की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध समर्पित विशेषज्ञों की अपेक्षा कर सकते हैं।

## पारंपरिक लोन प्रोग्रामें से अलग

वॉशिंगटन Small Business Flex Fund 2 में समुदाय-आधारित ऋणदाताओं का एक नेटवर्क शामिल है, जिसके पास वॉशिंगटन के ऐसे समुदायों के छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं की मदद करने का दशकों का अनुभव है जिन्हें पर्याप्त सेवा और पर्याप्त बैंकिग सुविधा नहीं मिली है। ये सामुदायिक ऋणदाता लोन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में आपकी सहायता कर सकते हैं। Small Business Flex Fund 2 का मकसद क्रेडिट स्कोर या कुछ गिरवी रखने की शर्तों और समापन लागतों के अलावा लगाए जाने वाले मूल शुल्क को हटाकर वित्तीय संसाधनों में आने वाली बाधाओं को कम करना भी है। आपके बिज़नेस की जरूरतों और लक्ष्यों के आधार पर फ़ंड को सुविधाजनक ढंग से खर्च किया जा सकता है।

## Small Business Flex Fund 2 के लिए कौन पात्र है?

वॉशिंगटन Small Business Flex Fund 2 छोटे, स्थानीय बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं के लिए किफ़ायती लोन दिलाने के लिए बनाया गया था, जिन्हें इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत है। आवेदन करने के लिए पात्र होने के लिए, छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं में 50 से कम पूर्णकालिक समकक्ष (FTE) कर्मचारी होने चाहिए, वार्षिक राजस्व 5 मिलियन डॉलर से कम होना चाहिए और आवेदन के समय से कम से कम एक वर्ष पहले से व्यवसाय में होना चाहिए।

## स्थानीय, सामुदायिक ऋणदाता जो आपकी सफलता की परवाह करते हैं

वॉशिंगटन Small Business Flex Fund 2 का स्थानीय, समुदाय-आधारित ऋणदाताओं का नेटवर्क छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं को फलने-फूलने में मदद करता है। लोन की पूरी प्रक्रिया के दौरान ये विश्वसनीय भागीदार आवेदन प्रक्रिया के हर चरण में सहायता करेंगे और अतिरिक्त सहायता सेवाएं भी देंगे।

Washington State Small Business Credit Initiative (SSBCI, वाशिंगटन राज्य में छोटे बिज़नेस के लिए लोन सुविधा) पूरे Washington में छोटे बिज़नेस और गैर-लाभकारी संस्थाओं को आवश्यक पूंजी उपलब्ध कराती है और यह ऐसा खासतौर पर सदियों से पर्याप्त सेवा और प्रयाप्त बैंकिग सुविधा से वंचित समुदायों के लिए करती है। SSBCI का प्रबंधन Washington राज्य के Department of Commerce द्वारा, पूरे राज्य में U.S. Department of Treasury (अमेरिकी ट्रेजरी विभाग) और वित्तीय संस्थानों के सहयोग से किया जाता है। ज्यादा जानकारी के लिए https://bit.ly/wa-small-biz-loans पर जाएं।

## इसके लिए पात्र बिज़नेस को इन शर्तों को पूरा करना होगा

- 50 से कम कर्मचारी
- 5 मिलियन डॉलर से कम का वार्षिक राजस्व
- आवेदन करने से पहले कम से कम एक साल तक बिज़नेस से जुड़ा रहा हो

## कम से कम ब्याज दरें

- 250,000 डॉलर तक उधार लें
- दरें WSJ प्राइम दर से 1-4% ज्यादा
- लोन की अवधि के लिए निश्चित ब्याज दर
- 36 से 72 महीने की लोन अवधि
- पूर्वभुगतान के लिए कोई जुर्माना नहीं

## लोन का इस्तेमाल करना सुविधाजनक है

- पे-रोल
- मूलभूत सुविधाएं और किराया
- मार्केटिंग एवं विज्ञापन
- भवन सुधार या मरम्मत
- बिज़नेस संबंधी अन्य खर्च

वॉशिंगटन Small Business Flex Fund 2 कोई माफ़ी-योग्य लोन प्रोग्राम नहीं है। इसमें उधारकर्ता को 3 से 6 साल की अवधि में ब्याज के साथ लोन की पूरी राशि चुकानी होगी।

**लोन प्रक्रिया के लिए शुरुआत करना आसान है**

**SmallBusinessFlexFund.org पर जाएं**

SMALLBUSINESSFLEXFUND.ORG

Washington State Department of Commerce